**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

**दिनांक : 29.08.2024** **समय : 1905**

- **द्वीपसमूह में कल भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया जाएगा।**
- **आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है।**
- **कैम्पबेल बे के जेट्टी बाजार में जेट्टी का विस्तार किया गया है।**
- **मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीणा की अध्यक्षता में पंचायती राज संस्थाओं के इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई।**
- **द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई ।**

<><><><><><>

द्वीपसमूह में कल भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। अभ्यास कल सुबह नौ बजे से लेकर शाम चार बजे तक चलेगा। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली और अंडमान निकोबार प्रशासन के सहयोग से आयोजित की जाने वाली अभ्यास के दौरान तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसमें अग्निशमन, पी सी आर वाहन, एम्बुलेंस और अन्य विशेष विभाग शामिल होंगे। इस सिलसिले में कल सुबह नौ बजकर पन्द्रह मिनट से साढ़े दस बजे तक सुनामी सायरन बजाया जाएगा। यह बनावटी अभ्यास समुदाय की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए आम जनता को सलाह दी गई है कि अभ्यास से जुड़ी ध्वनियों और गतिविधियों से घबराएं नहीं। इस अभ्यास के दौरान सामान्य दिनचर्या का पालन किया जा सकता है। प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील की है ।

<><><><><><>

आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस महान हॉकी खिलाडी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर उनतीस अगस्त को हर वर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने सभी नागरिकों को कम से कम एक घंटा खेल को समर्पित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। श्री मांड़विया ने सभी नागरिकों से आज राष्ट्रव्यापी उत्सव में भागीदारी करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश हॉकी के खिलाडी मेजर ध्यानचन्द्र को आज श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है और युवाओं की खेलों में भागीदारी और प्रतिभा प्रदर्शन के लिए पूर्ण सहयोग दे रही है।

इस बीच, भारतीय खेल प्राधिकरण कार निकोबार में भी राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द को श्रद्धांजलि देते हुए क्षेत्र का पारंपरिक खेल टग ऑफ वार और खेल क्वीज का आयोजन किया गया। निकोबार जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कीर्ति योजना के तहत ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य भी किया गया।

उधर, उप–शिक्षा कार्यालय की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मॉडल स्कूल के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उप–शिक्षा निदेशक ज्ञानशील दुबे और अन्य गणमान्य लोगों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग ने रेब रिब्बन क्लब के सहयोग से राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर सुबह छः बजे लड़के और लड़कियों के लिए मिनी मैराथॉन का आयोजन किया गया, जिसे कॉलेज की प्रचार्या पर्ल देवदास ने झंडी दिखाकर रवाना किया। लड़कों के श्रेणी में सागर बराल को पहला, इरशाद को दूसरा और अनूप समद्दार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। लड़कियों की श्रेणी में शंपा दास, प्रीति दास और मनीषा को पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल हुआ। मुख्य समारोह कॉलेज के व्याख्यान दीर्घा में आयोजित किया गया, जिसमें कॉलेज की प्राचार्या सहित अन्य अतिथियों और विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। विजेताओं के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालक डॉ. कंडीमुत्थु ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे के जेट्टी बाजार में जेट्टी का विस्तार किया गया है। अंडमान लक्षद्वीप बंदरगारह निर्माण कार्य की ओर से पचास मीटर तक विस्तार किया गया है और इस कार्य पर सोलह करोड़ पचासी लाख रूपये खर्च किए गए हैं। क्षेत्र के बंदरगाह निर्माण कार्यकारी अभियंता एस राजकुमार के हवाले से हमारे कैम्पबेल बे

संवाददाता बलराम सिंह ने खबर दी है कि बाईस जून दो हजार बाईस को शुरू किया गया यह कार्य इस वर्ष पन्द्रह जून को पूरा कर लिया गया। जेट्टी विस्तार के बाद कैम्पबेल बे जहाज को इस जेट्टी पर लगाया गया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीणा की अध्यक्षता में पंचायती राज संस्थाओं के इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान ज़िले में चल रही परियोजनाओं की प्रगति, लम्बित पड़े कार्यों की स्थिति और आगे की योजनाओं की रणनीति पर चर्चा की गई। ज़िला उपायुक्त ने परियोजनाओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया और अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के सचिव डी. अय्यप्पन और अन्य नेताओं ने गाराचरमा निवासी श्रीमति जी. मेनन के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे चौरासी वर्ष की थी।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप पुलिस थाना द्वारा हाल ही में किए गए छापामारी के दौरान सड़सठ ग्राम गांजा ज़ब्त किया गया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। सूचना के आधार पर पुलिस ने कोरल रीफ होटल के पीजी कमरे में छापेमारी की और झारखंड निवासी चौबीस वर्षीय सुशांतो महतो नामक एक बार टेंडर के पास से गांजा और एक हस्तनिर्मित चिल्लम बरामद किया। मध्योत्तर अंडमान जिले के रंगत थाने के उप–निरीक्षक माधव हलदार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक किलो सात सौ ग्राम गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने शिव मंदिर के पास छापा मारकर कृष्ण दास को रोककर पूछताछ की, जिसने अपने सहयोगी अनल बिश्वास के माध्यम से कोलकाता से तस्करी का सामान प्राप्त करने की जानकारी दी। पुलिस को अनल के पास से दो सौ सत्रह ग्राम गांजा बरामद हुआ। गहन पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया।

उधर, पहाड़गांव थाना पुलिस ने गहने की चोरी के प्रयास के एक मामले को सुलझाया। पत्थरगड्ढा के एक गहने की दुकान में चोरी के प्रयास के आरोप में चन्दन जेसी टोप्पो नामक इकतालीस वर्षीय प्रातरापुर निवासी को गिरफ्तार किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सी सी टी वी फुटेज का विश्लेषण किया और घटना में शामिल एक कार की पहचान की गई। मोबाइल लोकेशन की मदद से आरोपी की तलाश की गई और चोरी के प्रयास में इस्तेमाल किए गए सामानों के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह पूरा अभियान दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट के मार्गदर्शन में चलाया गया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर मे आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इक्यावन दशमलव तीन मिलीमीटर, ननकौड़ी मे चालीस, हटबे में सैंतीस दशमलव आठ, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में इक्कतीस, कार निकोबार में बीस दशमलव चार, लांग आइलैंड में सत्रह दशमलव सात और मायाबंदर में तेरह मिलीमीटर वर्षा हुई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि अंडमान द्वीप के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवा की गति पैंतीस से पैंतालीस किलोमीटर प्रतिघंटा से बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है। मछुआरों को इक्कतीस अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>